नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए : एसपी

▶ सांदीपनी स्कूल में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद का शुभारंभ

बड़वानी, (नवभारत)। ग्राम सजवानी स्थित सांदीपनी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं पुलिस विभाग के तत्वावधान में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति और जन-सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

सहयोग करने का किया आव्हान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल उपस्थित रहे। एसपी शुक्ल ने युवाओं को समाज का मुख्य स्तंभ बताते हुए उनसे सकारात्मक भूमिका निभाने तथा सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय हिस्सेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने लगभग 120 एनएसएस स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, साइबर अपराधों से बचाव, बाल विवाह, यातायात नियमों और महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में एसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया, डीएसपी (एजेके) निलेश्वरी डावर, महिला थाना प्रभारी सुनीता मुजाल्दा, यातायात प्रभारी रजनी भार्गव, साइबर सेल प्रभारी रितेश खत्री, सूबेदार अलका वास्कले तथा आस संस्था के जिला समन्वयक संजय आर्य एवं जन साहस संस्था से जिला समन्वयक रविंद्र खांडेकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वंदना डाबी एवं रचना पाटीदार ने किया।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्राचार्य कन्हैया मंडलोई, वरिष्ठ शिक्षक पवन कुमार गोयल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी हिम्मत सिंह, विद्यालय का स्टॉफ, पुलिसकर्मी, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

957 गर्भवती-धात्री महिलाओं का सत्यापन लंबित

बड़वानी, (नवभारत)। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए जिले में चलाया जा रहा सत्यापन अभियान अंतिम चरण में पहुंचकर भी अधूरा है। संपर्क एप और अनमोल पोर्टल के अनुसार जनवरी से 3 अगस्त तक चिन्हित 19387 हितग्राहियों में से 18430 महिलाओं का सत्यापन पूरा हो चुका है, जबकि 957 प्रकरण अब भी लंबित हैं। इनमें 519 गर्भवती और 438 धात्री महिलाएं शामिल हैं। लंबित सत्यापन के कारण अनेक पात्र हितग्राहियों के नाम पोर्टल पर अपडेट नहीं हो पा रहे, जिससे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित पोषण, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का लाभ मिलने में विलंब हो रहा है। शासन ने सभी प्रकरणों का शतप्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर महिला एवं बाल विकास विभाग प्रदेश में सत्यापन के मामले में प्रथम स्थान मिलने का दावा कर रहा है, लेकिन अधूरे सत्यापन और दस्तावेजी कमियों

के कारण चुनौती बनी हुई है। विभाग का कहना है कि मैदानी अमले को अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं हितग्राहियों से भी आधार, समग्र और बैंक संबंधी जानकारी समय पर अद्यतन कराने की अपील की जा रही है।

शासन के लगातार निर्देशों के बावजूद अभियान अभी लक्ष्य तक नहीं पहुंच सका है। विभागीय समीक्षा में सामने आया कि कई क्षेत्रों में मैदानी स्तर पर सत्यापन की गति अपेक्षित नहीं रही। इसी कारण 957 प्रकरण लंबित हैं। प्रशासन ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और संबंधित अधिकारियों को घर-घर पहुंचकर शेष हितग्राहियों का सत्यापन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा भी की जा रही है ताकि कोई पात्र महिला योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार अनेक हितग्राहियों के आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं। कई मामलों में समग्र आईडी का सत्यापन अधूरा है, जबकि कुछ दस्तावेजों में तकनीकी त्रुटियां भी मिली हैं। इन कारणों से अनमोल पोर्टल पर जानकारी अपडेट नहीं हो पा रही। विभाग का कहना है कि दस्तावेज समय पर संशोधित होने पर सत्यापन प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा सकती है। इसके लिए हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज तत्काल दुरुस्त कराने की सलाह दी गई है।

सत्यापन और दस्तावेज संबंधी समस्याओं का असर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना पर भी दिखाई दे रहा है। योजना के तहत पात्र गर्भवती महिलाओं को दो किश्तों में 5 हजार रुपये दिए जाते हैं। जिला अस्पताल पहुंची सुनीता ने बताया कि आधार सत्यापन के बाद अब बैंक खाते में डीबीटी संबंधी समस्या बताई जा रही है, इसलिए राशि नहीं मिली। प्रसव निकट होने से उन्हें चिंता है। वहीं रजनी ने भी प्रोत्साहन राशि लंबित होने की शिकायत दर्ज कराई।

सत्यापन अभियान में जिला प्रदेश में स्थान पर

गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के सत्यापन में तेजी लाई गई है। स्वास्थ्य शिविरों में भी सत्यापन कराया जा रहा है। मैदानी अमले को शेष प्रकरण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सत्यापन अभियान में जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

रतन सिंह गुंडिया जिला कार्यक्रम अधिकारी बड़वानी

खेल मैदान की बदहाली को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

बड़वानी, (नवभारत)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक पीजी कॉलेज के खेल मैदान की बदहाल स्थिति, सुरक्षा व मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर छात्र-खिलाड़ियों ने बुधवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

खिलाड़ियों ने बताया कि यह जिले का प्रमुख मैदान है, जहां बड़ी संख्या में युवा अभ्यास करते हैं। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष बादल गिरासे ने कहा कि मैदान में 400 मीटर रनिंग ट्रैक की मार्किंग नहीं है व बारिश में जलभराव की समस्या बनी रहती है। जल निकासी के लिए नाली व पाइपलाइन निर्माण की सख्त आवश्यकता है।

एनएसयूआई जिला सचिव अंकित निगवाल व मीडिया प्रभारी संदीप पंवार ने मांग रखी कि मैदान में गैर-खेल गतिविधियों, प्रशासनिक आयोजनों और वाहन पार्किंग पर पूर्ण रोक लगाई जाए।

केवल 26 जनवरी व 15 अगस्त के शासकीय कार्यक्रमों की अनुमति हो। शौचालय, पेयजल, स्थायी कर्मचारी और खेल सामग्री सुरक्षा के लिए स्टोर रूम की व्यवस्था हो।

असामाजिक तत्वों से सुरक्षा हेतु बाउंड्री वॉल ऊंची की जाए और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

राज्य स्तरीय खिलाड़ी दिलीप ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो छात्र-खिलाड़ी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

मां रेवा कावड़ यात्रा को लेकर बैठक

बड़वानी, (नवभारत)। सावन माह के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली मां रेवा कावड़ यात्रा को लेकर 4 अगस्त को श्री सांई शनैश्वर मंदिर में समिति की बैठक हुई। जिसमें मां रेवा कावड़ यात्रा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 13 अगस्त को भव्य मां रेवा कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

12 वर्षों से आयोजित हो रही है यात्रा

समिति के सदस्यों ने बताया कि मां रेवा कावड़ यात्रा 12 वर्षों से आयोजित की जा रही है। इस बार भी श्रद्धालु राजघाट स्थित मां नर्मदा (रेवा) तट से पवित्र जल भरकर

भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए रवाना होंगे। इस वर्ष यात्रा का विशेष आकर्षण यह रहेगा कि सभी कांवड़िए हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल होंगे और शिवभक्ति के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश भी देंगे।

बैठक में कई व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी। समिति ने निर्णय लिया कि यात्रा को पहले से अधिक भव्य, अनुशासित और आकर्षक बनाया जाएगा। समिति ने जिले के सभी शिवभक्तों, युवाओं, महिलाओं एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने की अपील की। समिति का कहना है कि 12 वे वर्ष में प्रवेश कर रही मां रेवा कावड़ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का भी संदेश देगी। इस वर्ष तिरंगे के साथ निकलने वाली यात्रा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

81 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

▶ कैलाश गोयल के 79वें जन्मदिन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

पानसेमल, (नवभारत)। नगर की प्रख्यात दुर्गा खांडसारी शुगर मिल्स के संस्थापक कैलाश गोयल के 79वें जन्मदिन पर किसानों एवं शुभचिंतकों ने खांडसारी पहुंचकर शुभकामनाएं देकर उनके स्वस्थ रहने एवं दीर्घायु की कामना की। वरिष्ठ कृषक दिलीपराव शितोले ने बताया कि कैलाश गोयल ने छोटे से कामकाज से शुरूआत की और अपने स्वभाव तथा कुशल व्यापार व्यवहार से उद्योगपति के रूप में अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाई।

कैलाश गोयल मां दुर्गा के अनन्य भक्त है, जन्मदिन पर परिवार के साथ परिसर मां दुर्गा में माताजी एवं भगवान शिव का पुजन किया। खांडसारी के वरिष्ठ कर्मचारी नरोत्तम राजपूत का भी जन्मदिन मनाया गया।

नितिन गोयल ने बताया कि दादा के मार्गदर्शन में फैक्ट्री का संचालन होता है। इस दौरान जनकल्याण रक्त सेंटर की टीम द्वारा रक्तदान संपन्न कराया गया। रक्तवीरों को प्रमाण-पत्र सौंपे गए।

झाबुआ-आलीराजपुर

एक नजर में

ग्राम बयडा में वाहनों में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने वाले तीन आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

आलीराजपुर । पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर रघुवंशसिंह ने बताया कि दिनांक 03 अगस्त 2026 को थाना बोरी पुलिस द्वारा सामूहिक मारपीट, तोड़फोड़ एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। फरियादी जोगडा पिता नगरसिंह डावर, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम बयडा भीलाला फलिया ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 03 अगस्त 2026 की रात्रि लगभग 09:00 बजे आरोपी भीयान, आकम, इतिश, अंकुल एवं अश्विन उसके घर पहुंचे तथा शराब पीने के लिए जबरन रुपये मांगने लगे। रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने अश्लील गालियां देते हुए फरियादी एवं उसके परिजनों पर पत्थरबाजी की, जिससे उन्हें चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्यों पर भी आरोपियों ने पथराव किया। इसके पश्चात आरोपियों ने फरियादी के घर के आंगन में खड़े विभिन्न चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों पर पत्थरों एवं लकड़ियों से हमला कर व्यापक तोड़फोड़ की। साथ ही घर के दरवाजे एवं मकान को भी क्षति पहुंचाई तथा स्वयं को क्षेत्र का दबंग बताते हुए भविष्य में रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

हूटर लगे 4 वाहनों पर पुलिस की चालानी कार्रवाई , जिले में हूटर हटाने की मुहिम जोरों पर

आलीराजपुर । पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिह के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा चलाये जा रहे मोटर व्हीकल एक्ट के विशेष अभियान में आलीराजपुर जिले के कई थानों द्वारा विशेष चैकिंग अभियान में हूटर लगे 04 वाहनो पर चालानी कार्यवाही कर 12,000/- रुपये समन शुल्क वसूला गया व हूटर जब्त किये गये , शासकीय / *VIP* स्टीकर लगे 07 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 3,500/- रुपये समन शुल्क वसूला गया, साथ ही चार पहिया वाहनो के शिशों पर ब्लैक फिल्म लगे 42 वाहनो पर से ब्लैक फिल्म निकलवाई गई व चालानी कार्यवाही कर 21,000/- रुपये समन शुल्क वसूला गया इसके साथ ही अमानक व गलत तरिको से वाहनो पर लगी नम्बर प्लेट संबंधी 70 प्रकरण बनाकर 35,000/- रुपये समन शुल्क वसूला गया और मौके पर वैध व सही तरिके की नम्बर प्लेट लगवाई गई , यातायात पुलिस आलीराजपुर ने पूरे जिलो के आमजनों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और दुर्घटनाओं व अनावश्यक परेशानियों से बचे । यातायात निरीक्षक श्री अर्जुनसिंह वास्केल द्वारा बताया गया कि उक्त विशोष अभियान में पूर्ण पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सख्त चालानी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी ।

कलेक्टर की पहल रंग लाई, आवेदकों को मिली राहत

आलीराजपुर। जिले में आयोजित जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बन रही है। कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशों पर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ निराकरण किया जा रहा है, जिससे पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत मिल रही है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत नानपुर निवासी शांतीबाई को शासकीय योजना का लाभ नहीं मिलने संबंधी आवेदन को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग द्वारा उनका सामाजिक सुरक्षा पेंशन आवेदन ऑनलाइन स्वीकृत कराया गया। साथ ही उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल में

भर्ती कराकर उपचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

इसी प्रकार जनसुनवाई में प्राप्त एक अन्य आवेदन पर ग्राम सोमकुवा निवासी मीरा रावत को सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन पेंशन स्वीकृत की गई। वहीं नाथी वेस्ता की वृद्धावस्था पेंशन के संबंध में जांच कर यह पाया गया कि फरवरी 2026 तक पेंशन राशि जमा हो चुकी है तथा मार्च से जुलाई 2026 तक की राशि बैंक स्तर पर लंबित (*Response Awaited from Bank*) होने के कारण शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई प्रचलन में है।

वहीं गत दिवस की जनसुनवाई में निजी एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल की कक्षा तीसरी की छात्रा मुबस्सीरा अजमेरी के पिता अब्दुल सलाम अजमेरी ने फीस बकाया होने के कारण विद्यालय द्वारा एसएलसी (टीसी) जारी नहीं किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर नीतू माथुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं विद्यालय प्रबंधन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद विद्यालय द्वारा छात्रा की एसएलसी जारी कर दी गई, जिससे उसके शासकीय विद्यालय में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ। आवेदन के त्वरित निराकरण पर परिवारजनों ने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर नीतू माथुर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रतिबद्ध है।

24 घंटे में प्रात : 08 बजे तक 4 .4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

आलीराजपुर । आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रात : 08 बजे तक 4 .4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार वर्षा में आलीराजपुर में 0 .0 मि .मी ., जोबट में 2 .3 मि .मी ., उदयगढ़ में 2 .1 मि .मी ., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 10 .1 मि .मी ., कट्ठीवाड़ा में 12 .0 मि .मी . तथा सोण्डवा में 0 .0 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई। जिले में कुल 26 .5 मि .मी . वर्षा दर्ज हुई। जिले में 01 जून 2026 से 05 अगस्त 2026 तक 343 .4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार आलीराजपुर में 322 .6 मि .मी ., जोबट में 277 .7 मि .मी ., उदयगढ़ में 418 .7 मि .मी ., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 285 .8 मि .मी ., कट्ठीवाड़ा में 552 .0 मि .मी . तथा सोण्डवा में 203 .6 मि .मी . वर्षा दर्ज की गई है।

सांवलिया सेठ, महाकाल कांवड़ और सेमली धाम यात्रा एक साथ रवाना

पेटलावद (निप्र)। सावन के पवित्र महीने में अंचल पूरी तरह से भगवान भोलेनाथ और सांवरिया सेठ की भक्ति में लीन हो चुका है। धर्म और आराधना के इस दौर में बुधवार सुबह रायपुरिया गांव से एक साथ तीन अलग-अलग भव्य धार्मिक यात्राएं रवाना हुईं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा और चारों तरफ धार्मिक जयकारों की गूंज सुनाई दी।

सांवरिया सेठ की भक्ति का यह दूसरा वर्ष है, जिसके तहत बुधवार सुबह 40 सदस्यीय दल ने राजस्थान के प्रसिद्ध मंडफिया धाम के लिए पैदल यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा लगभग 300 किलोमीटर की है, जो 5 अगस्त से शुरू होकर 12 अगस्त को भगवान सांवरिया सेठ के दर्शन के साथ पूर्ण होगी। श्रद्धालु लगातार 7 दिनों तक पैदल चलकर मंडफिया धाम पहुंचेंगे, जिससे पूरा गांव सांवरिया सेठ के जयकारों से गूंज उठा।

इसी क्रम में भगवान महाकालेश्वर की आराधना के लिए 40 सदस्यों का दूसरा जत्था डाक कावड़ यात्रा लेकर रवाना हुआ। यह दल लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय कर मात्र एक दिन में उज्जैन पहुंचेगा और भगवान महाकालेश्वर का जलाभिषेक करेगा। यह यात्रा जय महाकालेश्वर के गगनभेदी जयकारों के साथ आगे बढ़ी।

तीसरी यात्रा सेमली धाम के लिए रवाना हुई, जिसमें श्रद्धालु दो बसों में सवार होकर पहुंचे।

एक नजर में ▶ विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद

कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेटलावद का किया निरीक्षण

पेटलावद कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने बुधवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पेटलावद का निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, छात्रावास एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं एवं छात्रावास संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक कक्षा में पहुंचकर विद्यार्थियों से पाठ्यपुस्तकों का वाचन कराया तथा उनकी अध्ययन क्षमता का आकलन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन मिलने वाले नाश्ते की गुणवत्ता एवं नियमितता के संबंध में जानकारी ली। छात्रावास में रह रही छात्राओं से भी चर्चा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं किसी

प्रकार की समस्या के बारे में पूछा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कलेक्टर ने उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि वे आगे चलकर क्या बनना चाहते हैं तथा कितने विद्यार्थी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में जाना चाहते हैं। इस दौरान एक छात्र ने आर्टिस्ट बनने की इच्छा व्यक्त की, जबकि एक छात्रा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने का लक्ष्य बताया। कलेक्टर ने छात्रा से सीए बनने की प्रक्रिया एवं आवश्यक तैयारी के संबंध में प्रश्न पूछकर उसका उत्साहवर्धन किया तथा सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर नियमित अध्ययन करने की प्रेरणा दी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय की सभी प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा उपलब्ध उपकरणों एवं संसाधनों का निरीक्षण कर उनके समुचित उपयोग एवं रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ के साथ बैठक आयोजित कर शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, छात्रावास व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आवासीय एवं भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।